Tital Code : RAJHIN27802

# वागड़ संदेश

जन मन की आवाज

www.wagadsandesh.com

सम्पर्क

ई-पेपर मे खबरे व विज्ञापन के लिये सम्पर्क करें

ई-मेल - editorwagadsandesh@gmail.com

8890633631
9309255545
6351581818

वर्ष-1 | अंक-165 | सागवाड़ा, गुरुवार, 17 फरवरी, 2022 | अवधि: हिन्दी ई-पेपर | पृष्ठ-1, मूल्य-10 रु. (वार्षिक)

## राजस्थान में कोरोना से 7 मौतें, 1506 केस मिले

**जयपुर।** राजस्थान में आज कोरोना के पिछले 24 घंटे में 1506 नये केस मिले है, जबकि 7 मरीजों की इलाज के दौरान मौत हो गई। प्रदेश में आज 3510 मरीज रिकवर हुए है, जिसके बाद एक्टिव केस की संख्या कम होकर 14 हजार 85 रह गई। पूरे राज्य में आज 37 हजार 782 लोगों के सैंपल की जांच की गई और टेस्ट पॉजिटिविटी रेट 4 फीसदी रही। आज सबसे ज्यादा 349 केस जयपुर में मिले है। मेडिकल हेल्थ डिपार्टमेंट की रिपोर्ट देखें तो जोधपुर में 90, गंगानगर में 89, राजसमंद 86, उदयपुर 81, नागौर 64, अजमेर 60, बांसवाड़ा 58, अलवर 46, कोटा 45, करौली-सीकर में 42-42 केस मिले है। नागौर, बीकानेर, भरतपुर, झालावाड़, पाली, बारां और बाड़मेर में एक-एक मरीज की मौत हो गई। राजस्थान में अब तक की स्थिति देखे तो प्रदेश में पिछले दो साल में इस संक्रमण से 12 लाख 71,480 लोग चपेट में आ चुके है, जिनमें से 12 लाख 47,894 मरीज रिकवर हो चुके है। वहीं 9501 मरीजों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। राजस्थान में अब कोरोना के 14 हजार 85 एक्टिव केस बचे है। जिलेवार स्थिति देखे तो सबसे ज्यादा 4369 एक्टिव केस की संख्या जयपुर में है, जबकि सबसे कम 8 जालौर जिले में है।

जालौर में आज 3 मरीज रिकवर हुए है, जबकि यहां आज एक भी केस नहीं आया है। ऐसे में उम्मीद है कि जालोर में अगर अगले कुछ दिन एक भी केस नहीं आए तो यहा तीसरी लहर में पहला जिला कोरोना मुक्त बन सकता है।

### डूंगरपुर के हाल- सीएम बजट घोषणा के 50 कार्य जिसमें है 10 काम ही पूर्ण, 40 काम अधूरे

# मुख्यमंत्री बजट घोषणा के कार्यो के पूरा नहीं होने पर जताई नाराजगी

### संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने ली अधिकारियों की बैठक

**डूंगरपुर।** उदयपुर संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने आज डूंगरपुर जिले के जिला परिषद सभागार में जिला स्तरीय अधिकारियो की बैठक ली। बैठक में आयुक्त भट्ट ने सीएम बजट घोषणा, फ्लेगशिप योजनाओं के साथ विभागीय योजनाओं की समीक्षा की। इस दौरान सीएम बजट घोषणा के कार्यो की धीमी गति पर नाराजगी जताई साथ ही चिरंजवी स्वास्थ्य बीमा योजना की न्यून प्रगति को वेरी पुअर बताया। बैठक में आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने सबसे पहले राजिविका की ओर से संचालित वन धन योजना की प्रगति की समीक्षा की इस दौरान उन्होंने योजना के तहत बिजनिस प्लान तैयार होने में देरी पर नाराजगी जताई। उन्होंने राजीविका के अधिकारियों को जल्द बिजनिस प्लान तैयार करने व वन धन केन्द्रों से जुडी महिलाओं द्वारा उनके खेतो में की जा रही उपज का रिकॉर्ड तैयार करने के निर्देश दिए। खाद्य सुरक्षा योजना में रसद अधिकारी को मृत, पलायन कर चुके और शादी हो जाने वाली यूनिटो को हटाने के निर्देश दिए।

#### सीएम बजट घोषणा के 50 में से 40 काम ही हुए पूर्ण

बैठक में संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने सीएम बजट घोषणा के कार्यो की प्रगति की भी समीक्षा की। इस दौरान जिला कलेक्टर शुभम चौधरी ने बताया की सीएम बजट घोषणा में कुल 50 कार्य है जिसमे से अभी तक महज 10 काम ही पूर्ण हुए है और 40 काम अधूरे है। जिस पर संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने नाराजगी जताई और उन्होंने कहा की नया बजट आने वाला है लेकिन डूंगरपुर में पिछली घोषणाओं के इतने काम अधूरे होना शर्मनाक बात है। संभागीय आयुक्त भट्ट ने जिन-जिन विभागों से सम्बंधित काम अधूरे चल रहे है उन्हें वर्क ऑर्डर के अनुसार तय समय पर पूरा करवाने के निर्देश दिए।

#### चिरंजवी स्वास्थ्य बीमा योजना की न्यून प्रगति पर कहा वेरी पुअर

इधर बैठक में फ्लेगशिप योजनाओं की समीक्षा के दौरान जब संभागीय आयुक्त राजेन्द्र भट्ट ने विभागवार योजनाओं की प्रगति की जानकारी ली तो चिरंजवी स्वास्थ्य बीमा योजना में लोगो के रजिस्ट्रेशन कम होने पर संभागीय आयुक्त ने नाराजगी जताई और वेरी पुअर कहा। संभागीय आयुक्त भट्ट ने जिला कलेक्टर व सीएमएचओ को गाँवों में एक अभियान चलाकर चिरंजवी स्वास्थ्य बीमा योजना के फायदों के बारे में लोगो को जागरूक करने व उनका रजिस्ट्रेशन करवाने के निर्देश दिए।

## कृषि बजट में शहरी क्षेत्र के किसानों को राहत देने की मांग

### पालिका अध्यक्ष खोडनिया ने मुख्यमंत्री को लिखा पत्र



**सागवाड़ा।** शहरी क्षेत्र के किसानों को कृषि कनेक्शन लेने में राहन देने की मांग की है। नगर पालिका अध्यक्ष नरेंद्र खोडनिया ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत को पत्र लिखकर बताया कि ग्रामीण क्षेत्र के किसानों को कृषि कनेक्शन लेने के लिए 13 हजार रूपये जमा कराने पर ट्रांसफार्मर लगाकर कृषि कनेक्शन मिलता है जबकि वही कनेक्शन शहरी क्षेत्र में लेने पर 1 से 1.50 लाख तक की राशि देनी पड़ती है, जो काफी ज्यादा है। खोडनिया ने पत्र में यह भी बताया कि राजस्थान के नगरीय क्षेत्रों में भी काफी परिवार कृषि पर आधारित है। ऐसे में राज्य सरकार द्वारा पहली बार जारी होने वाले कृषि बजट में प्रदेश के सभी नगरीय क्षेत्र के किसानों को भी ग्रामीणों की तर्ज पर पर ट्रांसफार्मर लगाने के लिए 13 हजार रूपए में कृषि कनेक्शन दिलाने के लिए बजट में अनुमोदन कराने की मांग की है।

## गुरुकुल शिक्षण संस्थान ने मानस जैन और संकेत बुनकर को प्रज्ञा अवार्ड से किया सम्मानित




**भीलूड़ा।** गुरुकुल शिक्षण संस्थान भीलूड़ा में प्रज्ञा अवार्ड समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भीलूड़ा के मानस जैन व संकेत बुनकर (वगेरी) थे। विशिष्ट अतिथि विद्यालय के सचिव सुनील पंड्या थे। अध्यक्षता स्कूल के प्रधानाचार्य उमेश पंड्या द्वारा की गई । गुरुकुल के छात्र रहे भीलूडा के मानस जैन का CA में चयन और संकेत बुनकर (वगेरी) का MBBS में चयन होने पर सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्य उमेश पंड्या ने दोनों छात्रों की प्रशंसा करते हुए उनके अनुशासित जीवन तथा कर्तव्यनिष्ठता का उल्लेख कर छात्रों को संयम से सफलता प्राप्त करने की प्रेरणा दी। साथ ही विद्यालय प्रबंधन के सचिव सुनील पंड्या ने समस्त छात्रों को जीवन में लक्ष्य प्राप्त कर गांव, जिला, राज्य एवं देश को सहयोग कर राष्ट्र निर्माण व उसके विकास के सहभागी बनने का आह्वान किया। मानस एवं संकेत को गुरुकुल परिवार की ओर से प्रज्ञा अवार्ड से सम्मानित किया गया। संचालन प्रदीप पंड्या द्वारा किया गया।

## रात के अंधेरे में हरे पेड़ काटकर गुजरात तस्करी करते ट्रक और क्रेन जब्त

### क्रेन व ट्रक के चालकों को लिया हिरासत में

**डूंगरपुर।** जिले की पुलिस की स्पेशल टीम ने रात के अंधेरे में हरे पेडो को काटकर गुजरात तस्करी करते थाणा गांव में एक ट्रक ओर क्रेन को जब्त कर लिया है। वही पुलिस की स्पेशल टीम ट्रक व क्रेन के चालको को भी हिरासत में लिया है।

पुलिस की स्पेशल टीम के प्रभारी दिलीपदान चारण ने बताया की डूंगरपुर जिला पुलिस अधीक्षक सुधीर जोशी के निर्देश पर अवैध कारोबार के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा है। जिसके तहत कल बुधवार रात के समय मुखबिर के जरिये सूचना मिली थी कि कोतवाली थाना क्षेत्र के थाणा गांव में रात के समय हरे पेडो की कटाई की जा रही है। मुखबिर के जरिये मिली सुचना पर पुलिस की स्पेशल टीम के हेड कांस्टेबल नवीन कुमार, कांस्टेबल महावीर, मुकेश, यशपालसिंह व पंकज की टीम ने देर रात को थाणा गांव में जाकर दबिश दी । इस दौरान सड़क के साइड में हरे पेडो की अवैध कटाई कर लकडियो को क्रेन की मदद से एक ट्रक में भरा जा रहा था। इधर जैसे ही क्रेन व ट्रक चालक ने पुलिस की स्पेशल टीम को मौके पर देखा तो दोनों वाहनों के चालक भागने लगे। जिस पर पुलिस की स्पेशल टीम के सदस्यों ने ट्रक चालक दिनेश पुत्र हरजी पटेल निवासी देवल व क्रेन चालक अजय पुत्र भोगीलाल बरंडा निवासी गड़ा मोरैया को हिरासत में ले लिया। वही मौके से पुलिस की स्पेशल टीम ने लकड़ी से भरा ट्रक और क्रेन को जब्त कर लिया। वही जब टीम ने दोनों चालको से पेडो की काटने ओर तस्करी को लेकर जरुरी दस्तावेज मांगे तो दोनों चालक कोई कागज भी पेश नहीं कर सके। कार्रवाई के बाद पुलिस की स्पेशल टीम ने पकड़े गए ट्रक, क्रेन के साथ दोनों चालक को कोतवाली थाना पुलिस के हवाले कर दिया है। कोतवाली सीआई दिलीपदान ने बताया कि फॉरेस्ट एक्ट में केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। वही वन विभाग को भी मामले की जानकारी दी है।

## 50 कार्टून शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार



**डूंगरपुर।** जिले की चितरी थाना पुलिस ने अवैध शराब तस्करी के खिलाफ करवाई करते हुए 50 कार्टून शराब के साथ एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। चितरी थानाधिकारी गोविन्दसिंह चौहान ने बताया कि अवैध शराब परिवहन की मुखबिर से सूचना मिली थी। जिस पर गलियाकोट में नाकाबंदी की गई इस दौरान एक व्यक्ति ब्लु रंग की मारूती वेन लेकर सिलोही- वणियाप से गलियाकोट आ रहा था। नाकाबन्दी की दौराने उसको रुकवाया गया। वेन चालक का नाम पता पूछा तो उसने अपना नाम परमेशचन्द्र पिता उका डामोर मीणा निवासी खोखरवा जिला बांसवाडा का होना बताया । वेन को चेक किया तो पीछे सीट फोल्ड कर खाकी रंग के कार्टुन रखे नजर आये । कार्टून खोलने पर उसमे बियर ओर वोडका की बोतल भरी हुई थी। वेन में अवैध अंग्रेजी शराब के किंगफीशयर बीयर के 48 व वाईट लेस वोडका के 2 कार्टुन कुल 50 कार्टुन रख परिवहन करते पाया गया । शराब मय मारूती वेन जप्त कर आरोपी परमेश्वर डामोर को गिरफ्तार कर आबकारी अधिनियम तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## कांग्रेस के सदस्यता अभियान को लेकर चर्चा




**सागवाड़ा।** विधानसभा सागवाड़ा के कांग्रेस डिजिटल चीफ एनरोलार की मीटिंग का आयोजन किया गया। जिसमे चारों नव नियुक्त डिजिटल चीफ एनरोलार सोशयल मीडिया के जिला समन्वयक सुनील डेंडोर, गोविंद नाथ रावल, गौरव सेवक, दिनेश पाटीदार का स्वागत किया गया।

विधान क्षेत्र सागवाड़ा के सभी पोलिंग बूथ वाइज पोलिंग एजेंट को नियुक्त करने, बूथ वाइज कार्यकारिणी बना कर सदस्यता ग्रहण करने व कांग्रेस को मजबूत करने को लेकर एवं आने वाले विधानसभा चुनाव 2023 को लेकर विषेश चर्चा की गई।

इस अवसर पर आदीश खोडनिया, जिला परिषद सदस्य एवं यूथ कांग्रेस ब्लॉक अध्यक्ष हरिश अहारी, यूथ कांग्रेस विधानसभा अध्यक्ष कैलाश रोत, उप सरपंच धीरज मेहता, हस्द्ध विधानसभा अध्यक्ष सुनील डेंडोर, सेवा दल ब्लॉक अध्यक्ष रोहित पाटीदार, सोशल मीडिया के जिला समन्वयक गोविंद नाथ रावल, गौरव सेवक, दिनेश पाटीदार, प्रकाश मीणा, सरपंच जीतेन्द्र खराड़ी, सरपंच कमलेश डामोर, पूर्व सरपंच गोमती प्रसाद अहारी, सरपंच पन्नालाल डोडियार मौजूद रहे।

## 26 जनवरी पर मंत्री, विधायक, कलेक्टर, एसपी से ईनाम लेने वाले कोरोना पॉजिटिव पुलिस मित्र पर केस दर्ज, पुलिस मित्र से भी हटाया

**डूंगरपुर।** कोरोना संक्रमित मरीज के लापरवाही पर जिले में पहला केस दर्ज हुआ हैं। 26 जनवरी पर कोरोना पॉजिटिव पुलिस मित्र ने जान बूझकर मंत्री समेत तमाम अधिकारियों से ईनाम लिया। मामले में 22 दिन बाद पुलिस ने केस दर्ज करते हुए जांच शुरू कर दी हैं। कोतवाली सीआई दिलीपदान ने बताया कि 26 जनवरी गणतंत्र दिवस के जिला स्तरीय समारोह में बेहतरीन कार्य करने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, स्टूडेंट, स्वास्थ्यकर्मियों को सम्मानित किया गया। इसमे कोतवाली थाने के पुलिस मित्र जिग्नेश वैष्णव निवासी राजपुर को भी सम्मानित किया गया।

राज्यमंत्री अर्जुनसिंह बामणिया, विधायक गणेश घोघरा, कलेक्टर शुभम चोधरी, एसपी सुधीर जोशी ने जिग्नेश वैष्णव को प्रशस्ति पत्र व इनाम दिया। जबकि जिग्नेश 3 दिन पहले ही कोरोना पॉजिटिव आया था। 23 जनवरी को जिग्नेश की रिपोर्ट पॉजिटिव आई थी। कोविड गाइड लाइन के अनुसार। दिन तक होम आइसोलेट रहना था, लेकिन ईनाम लेने के लिए कोविड नियमों को तोड़कर कार्यक्रम में पंहुच गया। ईनाम लेने के लिए जिग्नेश ने एक फर्जी मैसेज भी तैयार किया, जिसमें खुद को नेगेटिव बता दिया। जबकि मैसेज में दी गई एसआरएफ आईडी की रिपोर्ट पॉजिटिव ही बता रही थी। ऐसे में पुलिस मित्र की चालाकी पकड़ी गई। कोतवाली थाने के कांस्टेबल जगदीश की रिपोर्ट पर पुलिस ने पुलिस मित्र जिग्नेश वैष्णव के खिलाफ कोरोना पॉजिटिव होते हुए गणतंत्र दिवस समारोह में शामिल होने, इनाम लेने और दूसरे का संक्रमित करने का केस दर्ज कर लिया है। वही कोतवाली पुलिस ने पुलिस मित्र से भी हटा दिया है। हालांकि अब तक उसकी गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## शादी की खुशिया बदली मातम में

### चचेरे भाई के शादी में घर आये युवक की बाइक पुलिया से टकराई, पुलिया के नीचे तालाब के पानी में तैरता हुआ मिला शव

**सीमलवाड़ा।** डूंगरपुर जिले के झोथरी थाना क्षेत्र के कंथारफला में बीती रात एक बाइक अनियंत्रित होकर पुलिया से टकरा गई जिसके बाद बाइक सवार उछलकर पुलिया के नीचे पानी में गिर गया। जिसकी पानी में डूबने से मौत हो गई। मृतक युवक 15 फरवरी को अहमदाबाद से अपने चचेरे भाई की शादी में भाग लेने के लिए आया था। इधर युवक की मौत के बाद शादी की खुशिया मातम में बदल गई है। थानाधिकारी भेमजी गरासिया ने बताया की कंथारफला निवासी 20 वर्षीय युवक रोहित पुत्र लक्ष्मण रोत अहमदाबाद में एक केंटिन में काम करता है। रोहित के चचेरे भाई शादी 18 फ़रवरी को है और चचेरे भाई की शादी में भाग लेने के लिए रोहित 15 फ़रवरी को अहमदाबाद से अपने गाँव कंथारफला आया था। कल शाम करीब 6 बजे बाइक लेकर रोहित रोत किसी काम से झोथरी जाने के लिए घर से निकला था। वही रात करीब 11 बजे रोहित के परिजनों के पास फोन आया की रोहित की बाइक गाँव के पास एक पुल पर दुर्घटनाग्रस्त गिरी हुई है। इस पर रोहित के परिजन तुरन्त रात को पुल पर पहुंचे जहा पर रोहित की बाइक दुर्घटनाग्रस्त गिरी हुई थी लेकिन रोहित वहा नहीं था जिस पर परिजनों ने मामले की सुचना चौरासी थाना पुलिस को भी दी। सुचना पर चौरासी थाना पुलिस मौके पर पहुंची और घटना की जानकारी लेते हुए रोहित की तलाश की तो पुल के नीचे उमरा वाला तालाब के पानी में रोहित का शव पड़ा हुआ था। जिस पर पुलिस ने परिजनों की मदद से शव को पानी से निकलवाकर डूंगरपुर जिला अस्पताल की मोर्चरी में रखवाया। वही आज सुबह पुलिस व परिजन जिला अस्पताल की मोर्चरी पहुंचे। जहा पर पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों के सुपुर्द किया। वही परिजनों की रिपोर्ट पर मामला दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। इधर रोहित की मौत के बाद उसके घर में शादी की खुशिया मातम में बदल गई है। रोहित के पिता की 3 संताने है जिसमे रोहित सबसे बड़ा था।

## सीमलवाड़ा बार एसोसिएशन का हुआ शपथ ग्रहण समारोह




**सीमलवाड़ा।** बार एसोसिएशन सीमलवाड़ा की नवगठित कार्यकारिणी का शपथ ग्रहण समारोह न्यायालय परिसर में एसडीएम हनुमान राम राम चौधरी के मुख्य आतिथ्य व सिविल जज मुकेश कुमार रेगर की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। कार्यक्रम के अध्यक्ष सिविल जज मुकेश कुमार रेगर ने बार एसोसिएशन की नवगठित कार्यकारिणी अध्यक्ष इन्दुलाल पाटीदार, उपाध्यक्ष मनीष कलाल, कपिल देव रोत, गिरधरलाल रोत सहित सभी सदस्यों को शपथ दिलाई । कार्यक्रम के अति विशिष्ट अतिथि विधायक राज कुमार रोत, विशिष्ट अतिथि प्रधान सीमलवाड़ा कारिलाल ननोमा , प्रधान झौथरी अनिता रोत, प्रधान चिखली शर्मिला डामोर, पंचायत समिति सदस्य महेंद्र भगोरा, वीणा देवी रहे। इस दौरान कायक्रम मे एडवोकेट नरेश जोशी, भगवान गुर्जर, वीरेंद्रसिंह चौहान, गौतमलाल रोत, गिरधरलाल रोत , जगतसिंह सहित कई अधिवक्ता मौजुद थे। कार्यक्रम का संचालन बालगोविंद पाटीदार व आभार नरेश जोशी ने किया ।

## शहर के सभी समाजों के श्रद्धालु भव्य रूप से मनाएंगेशिवरात्रि, शोभायात्र भी निकलेगी



**सागवाड़ा।** नगर के गमरेश्वर महादेव मंदिर में शिवरात्रि महोत्सव भव्य रूप से मनाने को लेकर गुरुवार को पेंशनर भवन में देवालय निर्माण समिति के तत्वावधान में सभी समाजों के अध्यक्षों की बैठक हुई। जिसमें शिवरात्रि महोत्सव विशाल स्तर पर मनाने को लेकर मंथन किया। बैठक में गमरेश्वर महादेव मंदिर से शोभायात्रा निकालने और प्रमुख मार्गों से मांडवी चौक पहुंचने पर वहां महाआरती करने का निर्णय लिया। इसके बाद शोभायात्रा के वापस गमरेश्वर महादेव मंदिर पहुंचने पर आरती व प्रसाद वितरण होगा। बैठक में सभी समाजों के अध्यक्षों ने शोभायात्रा में शामिल रहने की सहमति दी। देवालय निर्माण समिति के अध्यक्ष जयंतीलाल मोची ने सभी समाज के अध्यक्षों से शोभायात्रा में आवश्यक रूप से भाग लेने और अपने समाज के पुरुषों को सफेद पौशाक में और महिला वर्ग को लाल रंग की पोशाक पहन कर शामिल होने का आव्हान किया।

## यात्री के बैग से जेवर और नगदी हुई चोरी

### पूंजपुर में उतरी 5 महिलाओ पर संदेह, कोतवाली थाना पुलिस कर रही मामले की जांच

**डूंगरपुर।** बांसवाडा के घाटोल से अहमदाबाद जा रही एक निजी ट्रावेल्स की बस में डूंगरपुर जिले में महिला यात्री के बैग से 1 लाख से ज्यादा के सोने-चांदी के जेवर और 15 हजार रुपये कैश चोरी हो गया। महिला नांदली अहाड़ा से बस में बैठकर अहमदाबाद जा रही थी। महिला के हो हल्ला करने पर चालक ओर खलासी बस को लेकर कोतवाली पंहुचे, जहां सभी यात्रियों की तलाशी ली गई। पुंजपुर गांव में उतरी 5 महिलाओ पर ही शक जताया जा रहा है और पुलिस जांच में जुट गई है। कोतवाली थानाधिकारी दिलीपदान चारण ने बताया की भाग्यलक्ष्मी ट्रावेल्स की एक बस बांसवाडा के घाटोल से अहमदाबाद जा रही थी। डूंगरपुर जिले के जसपुर भाटो का निवासी कलावती प्रजापति (37) पत्नी दिनेश प्रजापति नांदली अहाड़ा से बस में बैठी।